**आकाशवाणी भोपाल**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 16.11.2024** **समय : 07.10 pm**

**मुख्य समाचार :–**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा उनकी सरकार का लक्ष्य भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है।**
- **राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर आज प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन ।**
- **उज्जैन में केंद्रीय संचार ब्यूरो भोपाल द्वारा विकसित भारत 2047 पर आधारित पांच दिवसीय प्रदर्शनी की हुई शुरुआत।**
- **प्रदेश में ठंड का असर होने लगा तेज, मौसम विभाग ने आगामी दिनों में ठंड बढ़ने का जताया अनुमान।।**

**प्रधानमंत्री–समिट**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा है कि उनकी सरकार का लक्ष्य वोट बैंक की राजनीति से परे हटकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। एक निजी मीडिया संगठन द्वारा आयोजित लीडरशिप समिट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार लोगों के लिए, लोगों द्वारा प्रगति के मंत्र के साथ काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब लोग उनकी सरकार पर भरोसा दिखाते हैं तो विकास पर भी उसका अच्छा प्रभाव पड़ता है। श्री मोदी ने यह भी कहा कि 2014 में देश का केंद्रीय बजट लगभग 16 लाख करोड़ रुपये था और आज यह 48 लाख करोड़ रुपये है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने हर घर में गैस कनेक्शन देने को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि 2014 में 14 करोड़ गैस कनेक्शन थे और अब यह संख्या 30 करोड़ से अधिक है। श्री मोदी ने कल्याणकारी योजनाओं को जिक्र करते हुये कहा कि इन योजनाओं से लाखों लोंगों को लाभ मिला है।

**राष्ट्रीय प्रेस दिवस**

आज देशभर में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जा रहा है। समाज में स्वतंत्र और उत्तरदायी प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका के सम्मान में हर वर्ष 16 नवम्बर को प्रेस दिवस मनाया जाता है। 1966 में आज ही के दिन भारतीय प्रेस परिषद ने काम करना शुरु किया था। परिषद यह सुनिश्चित करती है कि प्रेस उच्च मानकों को बनाए रखे और किसी धमकी और प्रभाव के आगे नहीं झुके। यह दिवस न केवल प्रेस की उपलब्धियों को दर्शाता है बल्कि पारदर्शी और शिक्षित समाज के निमार्ण में इसके उत्तरदायित्व को भी बढ़ावा देता है।

**रेल मदद**

भोपाल रेल मंडल द्वारा "रेल मदद" पोर्टल एप पर 24 घंटे रेल यात्रियों की सहायता और शिकायतों का निपटारा सुनिश्चित किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी ने बताया कि मंडल यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा प्रदान करने के साथ ही उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान करने के लिए तत्पर है। रेलवे ने शिकायत और सुझावों को समायोजित करने के लिए हेल्पलाइन नंबर 139 सहित सभी माध्यमों को "रेल मदद" पोर्टल और एप में एकीकृत कर दिया है। इसके अन्तर्गत शिकायतों का निस्तारण समय सीमा के भीतर किया जाता है एवं निस्तारण के पश्चात शिकायतकर्ता को सूचना दी जाती है और उनसे फीडबैक भी मांगा जाता है, जिससे सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार हो सके।

## महाकौशल विज्ञान मेला

जबलपुर के वेटरनरी कॉलेज में महाकौशल विज्ञान मेले का आयोजन किया गया है। मेले में एम पी पावर ट्रांसमिशन कंपनी का स्टॉल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार की थीम पर जबलपुर में पहली बार आयोजित महाकौशल विज्ञान में नवीनतम तकनीक का उपयोग कर बनाए गए गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन का मॉडल ,परंपरागत एयर इंसुलेटेड सबस्टेशन के मॉडल प्रदर्शित किये गये है।

## प्रधानमंत्री–तीन देशों की यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नाइजीरिया, ब्राजील और गयाना की पांच दिन की यात्रा पर रवाना हो गये हैं। श्री मोदी ने कहा कि नाइजीरिया में उनकी यात्रा सामरिक भागीदारी की शुरूआत का अवसर प्रदान करेगी जो लोकतंत्र और बहुलवाद में साझा विश्वास पर आधारित होगी। श्री मोदी ब्राजील में 19वीं जी–20 शिखर बैठक में ट्रॉइका सदस्य के रूप में भाग लेंगे। श्री मोदी ने आशा व्यक्त की कि एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के दृष्टिकोण के अनुरूप अर्थपूर्ण चर्चा होगी। वहीं श्री मोदी और गयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली साझा विरासत, संस्कृति और मूल्यों पर आधारित अपने अनूठे संबंधों को सामरिक दिशा प्रदान करने के लिए विचारों का आदान प्रदान करेंगे।

## आईआईटीएफ–एमएसएमई

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी ने आज नई दिल्ली में 43वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के मंडप का उद्घाटन किया। इस वर्ष मंडप का विषय हरित एमएसएमई है। मंत्रालय ने बताया कि मंडप सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों द्वारा व्यवसाय संचालन में बदलाव के लिए स्वच्छ और हरित प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर जोर देता है। इस वर्ष मंडप में 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दो सौ प्रदर्शक भाग ले रहे है।

## प्रदर्शनी

उज्जैन के कार्तिक मेले में केंद्रीय संचार ब्यूरो भोपाल द्वारा विकसित भारत 2047 पर आधारित पांच दिवसीय फोटो प्रदर्शनी जनजागरुकता कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद अनिल फिरोजिया ने किया। कल से शुरू हुई यह प्रदर्शनी 19 नवंबर तक आम लोंगो के अवलोकनार्थ रहेगी। इस प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदर्शित की गई है । प्रदर्शनी में कार्यक्रमों से संबंधित जानकारी आधारित प्रश्न मंच जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा ।

## मौसम

प्रदेश में ठंड का असर तेज होने लगा है, वहीं अब कोहरा भी छा रहा है। आज सुबह ग्वालियर, भिंड और निवाड़ी में मध्यम कोहरे का असर देखने को मिला। मौसम विभाग ने प्रदेश के उत्तरी हिस्से यानी, ग्वालियर–चंबल में ठंड बढ़ने का अनुमान जताया है। यहां रात का तापमान 2 डिग्री तक लुढ़क सकता है। ऐसा मौसम 20 नवंबर तक बना रहेगा। भोपाल, इंदौर–जबलपुर में भी सर्दी बढ़ेगी, जबकि पचमढ़ी–अमरकंटक सबसे ठंडे रहेंगे। मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि प्रदेश में पिछले 3 दिन से ठंड का असर ज्यादा बढ़ा है। इसकी वजह उत्तर–पूर्वी हवाओं का असर कम होना है। वहीं, पहाड़ों में जेट स्ट्रीम हवाओं का चलना है। ये हवाएं प्रदेश के उत्तरी हिस्से में भी आ रही है। इस वजह से शुक्रवार से मौसम में बदलाव देखने को मिला है, जो अगले कुछ दिन और बना रहेगा। उन्होंने बताया कि हवा का रुख जब उत्तर–पश्चिमी हो जाएगा और पहाड़ों पर बर्फबारी होगी, तब तापमान में और गिरावट होगी।

**समाचार संक्षेप**

- नर्मदापुरम में पहली बार राष्ट्रीय स्तर की शालेय 68वीं शतरंज और बैडमिंटन प्रतियोगिता कल 17 नवंबर से शुरू होगी। प्रतियोगिता में 29 राज्यों के 1 हजार 350 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता 21 नवंबर तक चलेगी।
- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के विशेष प्रयास से गुना जिले के किसानों को 2600 मीट्रिक टन डीएपी की सौगात मिल गई है।
- कला, साहित्य, संस्कृति एवं सामाजिक सरोकारों की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये अशोकनगर में आज आईसेक्ट प्रधानमंत्री कौशल केंद्र,वनमाली सृजन केंद्र का उद्घाटन किया गया ।
- झाबुआ जिले में 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक चलने वाले राजस्व महा अभियान को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने बैठक लेकर जरुरी निर्देश दिये।
- जबलपुर जिले में 13 हजार की रिश्वत लेते पटवारी को लोकायुक्त ने रंगे हाथों पकड़ा।
- खंडवा में रिहायशी इलाके में चल रहे अवैध मैरिज गार्डन पर निगम की बड़ी कार्रवाई कर गार्डन को सील कर दिया।
- सीहोर जिले में पंचायतों के रिक्त पदों के लिए उप–निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। चुनाव के लिए नाम निर्देशन–पत्र 18 नवम्बर से 25 नवम्बर तक लिये जायेंगे।